जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

26 जुलाई, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने 'स्कोपस-इंडेक्स्ड जर्नल्स में प्रकाशन की जानकारी' पर कार्यशाला आयोजित की

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के डॉ. जाकिर हुसैन पुस्तकालय ने स्कोपस (एल्सेवियर) के सहयोग से दिनांक 25 जुलाई, 2024 को हाइब्रिड माध्यम से संकाय सदस्यों और शोधार्थियों हेतु "स्कोपस-इंडेक्स्ड जर्नल्स में प्रकाशन की जानकारी" शीर्षक से एक लेखक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में शोध दक्षता बढ़ाने, उभरते रुझानों की पहचान करने, प्रकाशन कार्यप्रवाह, लेख स्वीकृति की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए संपादक की मानसिकता को समझने, जर्नल मेट्रिक्स तथा उपयुक्त पत्रिकाओं का चयन करने सहित विभिन्न विषयों को शामिल किया गया।

जामिया के प्रो मोहम्मद शकील, कार्यवाहक कुलपति ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जबकि कार्यवाहक कुलसचिव श्री एम. नसीम हैदर इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे । कार्यशाला में हाइब्रिड माध्यम से भाग लेने वाले संकाय सदस्यों, छात्रों, शोधार्थियों सहित 400 से अधिक प्रतिभागियों की प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज़ की गई। इसके अतिरिक्त, डीन, निदेशक, अध्यक्ष , प्रॉक्टर, प्रोवोस्ट और शैक्षिक और गैर-शैक्षिक कर्मचारी सदस्यों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की सफलता को प्रदर्शित किया।

प्रो. मोहम्मद शकील ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए यह कहा कि "शोध और प्रकाशन की यात्रा एक अलग यात्रा नहीं है, बल्कि एक सहयोगात्मक प्रयास है जो साझा ज्ञान, रचनात्मक प्रतिक्रिया तथा निरंतर सीखने पर विकसित होता है। एक साथ कार्य करके और एक-दूसरे का समर्थन करके, हम अपने शोध आउटपुट को बढ़ा सकते हैं तथा ज्ञान के वैश्विक भंडार में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।" प्रो. शकील ने इस प्रकार की प्रासंगिक कार्यशाला के आयोजन हेतु विश्वविद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. विकास एस. नागराले और उनकी समर्पित टीम को भी बधाई दी। उन्होंने पुस्तकालय की सेवाओं की भी सराहना की।

डॉ. विकास नागराले ने अपने परिचयात्मक भाषण में स्कोपस के महत्व पर बल दिया। उन्होंने उल्लेख किया कि "लेखकों के लिए, स्कोपस-इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में प्रकाशन न केवल उनके कार्य को मान्य बनाता है, अपितु विद्वत समाज में इसके प्रभाव को भी बढ़ाता है।"

कार्यशाला के दौरान एल्सेवियर की विशेषज्ञ वक्ता डॉ. विनीता सरोहा ने एक सुंदर और महत्वपूर्ण व्याख्यात्मक प्रस्तुति दी। डॉ. जाकिर हुसैन पुस्तकालय के उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. सूफियान अहमद ने कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत किया। विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों और पुस्तकालय के सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम के आयोजन में उनके अथक प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जाकिर हुसैन पुस्तकालय के सूचना वैज्ञानिक श्री जोहान एम. मीर ने किया। डॉ. जाकिर हुसैन पुस्तकालय के सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करने के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया